# आकाशवाणी चंडीगढ

## 19 सितम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार:-

1. कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्रैक्टर उद्योग के प्रतिनिधियों से जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

2. मोदी सरकार ने देश भर में महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने "इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनो हेमेटोलॉजी" के 50वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

4. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने भानु में आईटीबीपी के प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र के आवासीय भवनों का लोकार्पण किया।

5. केन्द्रीय उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने निर्माताओं और आयातकों को 22 सितंबर से पहले निर्मित पैकेज पर कम हुए मूल्य का स्टिकर लगाने की इजाज़त दी।

*************************************************************************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। नई दिल्ली में कृषि मशीनरी और उपकरणों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीएसटी दर को 12 या 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से ट्रैक्टर और मशीनरी काफ़ी सस्ती हो जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि इस कदम से विभिन्न श्रेणी के ट्रैक्टर की कीमतों में 23 हज़ार रुपये से लेकर 63 हज़ार रुपये तक की उल्लेखनीय कमी आएगी। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि

22 सितंबर से किसानों को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि इससे किसानों की आय में काफी फर्क पड़ेगा।

*********************************************************************

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने देश भर में महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया है।

*पिछले 11 वर्षों में, भारत सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और कानूनी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक, जीवनचक्र-आधारित नीतिगत ढाँचा अपनाया है।*

*"नारी शक्ति" अब एक राष्ट्रीय मिशन है, जो हर महिला, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, युवा हो या बुजुर्ग, को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जीने के लिए सशक्त बनाता है। संवैधानिक सुरक्षा उपायों और हिंसा व भेदभाव के विरुद्ध ऐतिहासिक कानूनों से लेकर परिवर्तनकारी योजनाओं तक, अब महिलाओं के विकास से हटकर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।*

*पिछले साल दिसंबर में हरियाणा में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था...*

*बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने वांछित परिणाम दिए हैं क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात 2014-15 में 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। जनवरी 2015 में शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना पूरे भारत में लाखों युवा लड़कियों के लिए आशा और सशक्तिकरण की किरण है।*

*सरकार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थायी आधार पर प्रति वर्ष न्यूनतम एक लाख रुपये की आय अर्जित करने के लिए सशक्त और सक्षम बनाने हेतु लखपति दीदी पहल भी लागू कर रही है।*

*हरियाणा में पंचकूला जिले के मोरनी गाँव की निवासी मधु ने बताया कि कैसे स्वयं सहायता समूह बना कर उनका जीवन बदल गया।*

*इस प्रकार, जमीनी स्तर के शासन से लेकर रक्षा बलों और विमानन तक, महिलाएँ अब सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और समावेशी एवं सतत राष्ट्रीय विकास को गति दे रही हैं। अश्विनी कुमार शर्मा आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़*

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने "सेवा पखवाड़े" के दौरान आज गुरुग्राम में आयोजित "इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनो हेमेटोलॉजी" के 50वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्यअतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हरियाणा में कुल 149 रक्तदान केंद्र काम कर रहे हैं जिनके माध्यम से इस वर्ष 3 लाख 30 हजार यूनिट्स रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों के तहत अब तक 2 लाख 22 हजार 433 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है।

इस दौरान कार्यक्रम में सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर तथा गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे।

*************************************************************************

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस – आईटीबीपी के पंचकूला में भानु स्थित प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित आवासीय भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये नवनिर्मित आवास  आईटीबीपी अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए आधुनिक और बेहतर आवासीय सुविधाएँ प्रदान करेंगे। उन्होंने बल के शहीदों को भी याद किया और कहा कि सरकार हिमवीरों की "शौर्य, दृढ़ता व कर्म, निष्ठा" को सलाम करती है।

इस अवसर पर  बल के महानिरीक्षक अशोक  नेगी भी मौजूद रहे।

***********************************************************************

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जीएसटी दरों में संशोधन के मद्देनजर एक संशोधित एडवाइजरी जारी की है, जो सोमवार से प्रभावी होगी। एडवाइजरी के अनुसार, निर्माता, पैकर्स और आयातक 22 सितंबर से पहले निर्मित बिना बिके पैकेजों पर स्वेच्छा से अलग से कम हुए संशोधित मूल्य का स्टिकर लगा सकते हैं, बशर्ते पैकेज पर छपा मूल अधिकतम खुदरा मूल्य यानी एमआरपी अस्पष्ट न हो। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह उन कंपनियों के लिए पूरी तरह से वैकल्पिक है जो संशोधित मूल्य घोषित करना चाहती हैं।

इसके अलावा, सरकार ने निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जीएसटी दरों के बारे में सूचित करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की सलाह दी है।

**********************************************************************

रियल एस्टेट सेक्टर ने  अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स के उप प्रधान और आरपीएस ग्रुप के प्रबंधकीय निदेशक आर सी गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री का इन सुधारों के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा –

विशेषज्ञों का मानना है कि जी स टी सुधारों से रियल एस्टेट सेक्टर में गति और पारदर्शिता बढ़ेगी।

*********************************************************************